# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या : AF/17890/संबद्धता/2019

दिनांक : 06/08/19

अनुस्मारक–प्रथम

सेवा में,

प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सहयुक्त महाविद्यालय,
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

**विषयः–महाविद्यालय में अनुमोदित प्राचार्य/शिक्षकों के कार्यरत होने की सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में सूच्य है कि पूर्व में विश्वविद्यालय के पत्र संख्या : आर/1021–25/19 दिनांक 21.06.2019 द्वारा विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालयों में स्ववित्तपोषित योजनन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों/विषयों में अनुमोदित/कार्यरत प्राचार्य एवं शिक्षकों की सूची अपने महाविद्यालय की वेबसाईट एवं विश्वविद्यालय के यू0डी0आर0सी0 पोर्टल पर अपलोड करते हुए प्रत्येक शिक्षक से पृथक–पृथक रू0–10 के नान–जुडीशियल स्टाम्प पेपर उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी थी जो अद्यतन अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा उपलब्ध करायी गयी है।

अतः जिन महाविद्यालयों द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं करायी गयी है उनसे पुनः अनुरोध है कि स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों/विषयों में अनुमोदित/कार्यरत शिक्षकों की सूचना/आख्या साक्ष्यों सहित एक सप्ताह के अन्दर कुलसचिव कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक--यथोपरि।

भवदीय

(एस0के0 शुक्ल)
कुल सचिव

संख्या :　　　　　　　　　　　　　दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. इंचार्ज, वेबसाइट/कम्प्यूटर सेन्टर, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने एवं विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
3. गार्ड फाईल।

(एस0के0 शुक्ल)
कुल सचिव